# कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी, जिला–धमतरी (छ0ग0)

## //विज्ञापन//

क्रमॉक 1236 /जि.वि.से.प्रा.(PLV)/2023 धमतरी, दिनांक 19-07-2023

माननीय छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर के ज्ञापन कमांक/701/CGSLSA-Writ/2023 बिलासपुर दिनांक 10.03.2023 के निर्देशानुसार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा Writ Petition (Civil) No. 427/2022, बचपन बचाओं आंदोलन विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित आदेश दिनांक 19.09.2022 के परिपालन में निम्नानुसार पैरालीगल वालिंटियर के रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र दिनांक **31.07.2023 की संध्या 05:00 बजे तक** तक आमंत्रित किये जाते है :–

| कमांक | आवेदित पद का नाम | पैरालीगल वालिंटियर के कार्य |
|---|---|---|
| 01 | पैरालीगल वालिंटियर | प्रचार–प्रसार एवं विधिक सेवा कार्य हेतु |

### 1. भर्ती की पात्रता एवं शर्तें

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए। चुंकि पी.एल.व्ही का कार्य जिला धमतरी क्षेत्रांतर्गत किया जाना है। अतः अभ्यर्थी जिला धमतरी का निवासी होना चाहिए।
2. यह नियुक्त नियमित नहीं है और न ही संविदात्मक है।
3. किसी पी.एल.व्ही. के चयन होने मात्र से वह प्रति दिवस मानदेय का हकदार नहीं होगा। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि, पी.एल.व्ही से जिस दिन/दिवस कार्य लिया जावेगा, पी.एल.व्ही. उसी कार्य दिवस मात्र हेतु नियमानुसार रू. 500/–(पांच सौ रूपये) या समय–समय पर नालसा के दिशा–निर्देशानुसार मानदेय का हकदार होगा। अर्थात जिस दिन पी.एल.व्ही. से कार्य नहीं लिया जावेगा, वह दिन मानदेय हेतु गणना में नहीं लिया जावेगा।
4. कौशल परीक्षा में दक्षता हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से थाना मेचका, थाना खल्लारी, थाना नगरी एवं थाना अकलाडोंकरी क्षेत्रांतर्गत साथ ही साथ अन्य क्षेत्र में कार्य करने हेतु नियुक्ति के संबंध में वहां के स्थानीय निवासीयों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।
5. चयनित अभ्यर्थियों से नियमानुसार एवं आवश्यकता होने पर कार्य लिया जावेगा। कार्य नहीं लिये जाने पर अभ्यर्थी बिना कार्य दिवस का मानदेय का हकदार नहीं होगा।

**कार्यावधि :–** कार्य कुशलता के आधार पर अधिकतम 01 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाकर संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर तिमाही/छैमाही/वार्षिक सेवा वृद्धि की जा सकेगी।

ब– **शैक्षणिक योग्यता –**

1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं परीक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो
2. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (डीसीए) प्रमाण पत्र के साथ एम.एस.वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम ज्ञान।
3. बुनियादी वर्ड प्रोसेसिंग कौशल और कम्प्यूटर संचालित करने की क्षमता और डेटा फीड करने का कौशल होना चाहिये ।
4. अच्छी टाइपिंग गति की दक्षता होनी आवश्यक है।
5. इंटरनेट एवं एनड्रॉयड मोबाईल की उत्तम ज्ञान हो।

## 2. आयु एवं पात्रता

(1) आवेदन प्रस्तुत करने की अवधि में अभ्यर्थी चाहे तो रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करते हुये, रोजगार कार्यालय के पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत कर सकता है।

(अ)– कोई भी उम्मीद्वार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के पात्र नहीं होगा।

(ब)– कोई पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित है और कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परंतु यदि शासन को इस बात का समाधान हो जाये कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो वह ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(2) उम्मीदवार दिनांक 01.01.2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो।

(3) आवेदक किसी शासकीय या वैधानिक संस्था अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा सेवा से पृथक अथवा पदच्युत न किया गया हो।

## 3. आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

(1) विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में आवेदन पत्र पूर्णतः साफ सुथरा भरे हुए बंद लिफाफे में जिसके ऊपर आवेदित पद का नाम **मोटे अक्षरों में उल्लेखित हो,** को कार्यालय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी (छ0ग0), पिन– 493773 में दिनाँक **31.07.2023** की संध्या **05.00** बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करना होगा। डाकघर या अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगे।

(2) आवेदन पत्र के साथ **जन्मतिथि के संबंध में प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र** की अभिप्रमाणित अथवा स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## 4. नियुक्ति हेतु चयन विधि एवं प्रक्रिया

### पैरालीगल वालिंटियर के पद के लिये :–

### कौशल परीक्षा

**पैरालीगल वालिटिंयर पद हेतु :–** कौशल परीक्षा 50 अंकों की होगी। उम्मीदवारों को 250 शब्दों के गद्यांश को 10 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कम्प्यूटर पर **उबन्टू ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम के लिब्रे ऑफिस** में टाईप करना होगा। प्रत्येक त्रुटि के लिये 1/5 अंक काटा जावेगा, जो हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सेटिंग तथा टाईपिंग की प्रत्येक अशुद्धि के लिये होगा।

**चयन प्रक्रियाः**–उक्त लिखित परीक्षा के वरीयता सूची के आधार पर सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा। चयन हेतु अभ्यर्थी वरीयता सूची में समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी, जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उसे प्राथमिकता दी जावेगी। यदि दोनों अभ्यर्थी की जन्मतिथि समान होगी तो कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी।

## 5. अपूर्ण तथा त्रुटिपूर्ण जानकारी

प्रत्येक आवेदक को चाहिये, कि वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र को चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

## 7. अन्य आवश्यक सूचनाएँ

A नियुक्ति एवं चयन प्रक्रिया निर्धारित करने का अधिकार माननीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी (छ0ग0) को होगा।

B चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

C जो अभ्यर्थी चयन प्रकिया/साक्षात्कार को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे उनकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जावेगी। जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र उपयुक्त पाये जायेंगे उन्हें साक्षात्कार हेतु सूचना कार्यालय के वेबसाईड **https://districts.ecourts.gov.in/dhamtari** में भी अपलोड किया जावेगा। जिन उपयुक्त आवेदकों को साक्षात्कार के पूर्व तक साक्षात्कार में उपस्थित होने की सूचना प्राप्त नहीं होती है तो वे साक्षात्कार तिथि को निर्धारित समय के 01 घंटा पूर्व तक अपने आवेदन पत्र जमा करने के प्रमाण सहित उपस्थित हो सकेंगे। परीक्षण उपरांत उनकी उम्मीदवारी यदि सहीं पाई गई तो उन्हें साक्षात्कार में बैठने की अनुमति दी जा सकेंगी।

स्थान :– धमतरी

दिनाँक :– 19-07-2023

19.07.2023

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

जिला–धमतरी (छ0ग0)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

## आवेदन–पत्र का प्रारूप

## <u>लीगल एड क्लीनिक एवं विधिक सेवाओं में पैरालीगल वालिंटियर्स के रूप में पैनलित करने हेतु आवेदन :–</u>

नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा कर स्व प्रमाणित करें।

प्रति,

**सचिव**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला–धमतरी (छ0ग0)

1. आवेदित पद का नाम :........................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :........................................
(अंग्रेजी के केपिटल लेटर्स में) :........................................

3. लिंग (संकेतांक) पुरूष–1, महिला–2, अन्य–3

4. पिता / पति का नाम :........................................

5.(अ) पत्र व्यवहार का पता (हिन्दी में) :........................................
:........................................
:........................................

(ब) स्थायी पता :........................................
(यदि पत्र व्यवहार का पता एव स्थायी पता एक :........................................
ही है तो तदैव लिखें) :........................................

6.(अ) जन्म तिथि (अंकों में)

शब्दों में :........................................

(ब) दिनाँक 01.01.2023 को आयु वर्ष माह दिन

7. क्या अभ्यर्थी छ0ग0 राज्य का मूल निवासी है?
हॉ / नहीं (समक्ष अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

8. अ. क्या अभ्यर्थी छ0ग0 शासन द्वारा छ0ग0 के लिये घोषित अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है? हॉ / नहीं
(यदि हॉ, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
ब. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करें

9. अ. क्या अभ्यर्थी दिव्यांग है? हाँ / नहीं
(यदि हाँ, तो दिव्यांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड के
प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
ब. दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत :......................................................................

10. क्या अभ्यर्थी भूतपूर्व सैनिक है? हाँ / नहीं
(यदि हाँ, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी
प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमाँक:......................................................................
व दिनाँक :......................................................................

12. रोजगार कार्यालय का नाम :......................................................................

13. क्या आप विवाहित हैं? हाँ / नहीं

14. यदि विवाहित हैं, तो विवाह की तिथि

15. जीवित बच्चों की संख्या

16. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–

| क्र0 | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

17. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था
में सेवारत है? हाँ / नहीं
(यदि हाँ, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति
प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

18. स्व–प्रमाणित संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

A ........................................................ B ........................................................

C ........................................................ D ........................................................

E ........................................................ F ........................................................

G ........................................................ H ........................................................

I ........................................................ J ........................................................

# घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है एवं आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त किये जाने योग्य होगी।

स्थान : ......................

दिनाँक : ....................

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं पता)

नाम :..............................................................

पता :..............................................................

:..............................................................